॥ भामिनीविलास ॥

पं० अक्षयवट मिश्र।

॥ श्रीः ॥

विप्रचन्द्रविकाश ।

(तृतीय मयूख)

भामिनीविलास प्रतिबिम्ब ।

अर्थात्

श्रीपण्डितराज जगन्नाथ विरचित

भामिनीविलासका

हिन्दी पद्यानुवाद ।

श्रीभोजपुराधीश्वर महाराजाश्रित-राजधानी "डुमरांव"
निवासी श्रीयुत पण्डित राजेश्वरमिश्रजीके ज्येष्ठ
पुत्र तथा श्रीविशुद्धानन्द सरस्वती विद्यालय
कलकत्ताके हेड पण्डित अक्षयवटमिश्र
"कवि विप्रचन्द्र" विरचित ।

कलकत्ता ।

८७ चोरबगान भारतमित्र प्रेससे
पण्डित कृष्णानन्द शर्म्मा द्वारा मुद्रित और
प्रकाशित ।

सन् १९०३ ई० ।

भूमिका।

श्रीसच्चिदानन्द जगजदीश्वर विरचित विशाल संसार महासागर के अगाध हृदयमें, असंख्य महामहिमाशाली महानुभाव धीर गम्भीर मानव, प्रवल कराल काल उत्ताल तरङ्ग मालासे तरङ्गित होकर विलीन होगये जिनका नाम भी अब किसी के कर्ण कुहरमें प्रतिध्वनित नहीं होता।

प्रातःस्मरणीय परम पूज्य कविकुल हृदयारविन्द मकरन्द सुगन्धित चरण युगल श्रीमहर्षि वाल्मीकि व्यास कालिदास जयदेव वाण सुवन्धु दण्डी श्रीहर्ष माघ भवभूति भारवि जगन्नाथ इत्यादि महाशयोंके जो परम पवित्र नाम आज तक सबके श्रवण गोचर होरहे हैं सो सर्वशक्तिशालिनी श्रीमती सरस्वतीजीके चरण सरोज सेवाकी अवर्णनीय महिमाका फल है।

श्रीवाल्मीकि, रामायणको, व्यास अष्टादश पुराणोंको, कालिदास अभिज्ञानशाकुन्तल विक्रमोर्वशी मालविकाग्निमित्र रघुवंश कुमारसम्भव मेघदूत इत्यादिको, जयदेव गीतगोविन्दको, वाण कादम्बरी हर्षचरित पार्वतीपरिणयको, सुवन्धु वासवदत्ताको, दण्डी दशकुमारचरितको, श्रीहर्ष नैषधचरित रत्नावली प्रियदर्शिकाको, माघ शिशुपालवधको, भवभूति उत्तररामचरित महावीरचरित मालतीमाधवको, जगन्नाथ रसगङ्गाधर भामिनीविलास गङ्गालहरी को, अचल स्मारक चिन्ह बना कर केवल आपही जगत्प्रसिद्ध नहीं हुए वरन श्रीराम श्रीकृष्ण युधिष्ठिर दुष्यन्त नल विक्रमभोज इत्यादि महानुभावोंको भी सर्वदाके लिये समस्त भूमण्डलमें पूर्ण रूपसे विख्यात कर गये।

इन्हीं सत्कवियोंमें दिल्लीश्वरसभासम्मानित पण्डितराज जगन्नाथ अन्तिम कविथे। इनके बाद ऐसा विलक्षण उद्दण्ड कवि कोइ न हुआ।

"कवयति पण्डितराजे कवयन्त्यन्येऽपि विद्वांसः ।
नृत्यतिपिनाकपाणौ नृत्यन्त्यन्येऽपि भूतवेतालः
माधुर्यैरपि धुर्यैं द्राक्षाक्षीरेक्षुमाक्षिकादीनाम् ।
वन्ध्यैव माधुरीयं पण्डितराजस्य कवितायाः ॥ १ ॥"


इनकी काव्यमें शब्दमाधुर्य पदलालित्य भावगाम्भीर्य सरस यमक अनुप्रास ऐसे उत्तम होते हैं कि श्रावण मात्रहीसे साधारण विद्वान का भी हृदय आनन्दोद्रेक परवश होजाता है ।

जब हमने इनके बनाये हुए भामिनीविलासको देखा तो चित्त में अनिर्वचनीय आनन्द उत्पन्न हुआ। पर दुःख यह हुआ कि हा! इसके अनुपम सुखको केवल संस्कृतहीके कवि लूटतेहैं। बिचारे हिन्दी भाषाके रसिक कवि इस सुखसे सर्वदा वञ्चित होरहे हैं ।

इस कारण यह अत्युत्तम ग्रन्थ हिन्दीके अनेक प्रसिद्ध छन्दोंमें अनुवाद किया और नाम भी "भामिनीविलास प्रतिबिम्ब" रखा । हम अत्यन्त लज्जित हैं कि जो संस्कृतके पद्यमें शब्दमाधुर्य यमक अनुप्रासादि गुण हैं सो इस अनुवादमें नहीं आये यथार्थ अनुवाद में यह कष्ट आही जाता है। हम डरते थे कि अनुवादमें किसी पद का अर्थ न छूट जाय। अर्थ तो ठीक ठीक आगया किन्तु पदोंमें कठि नता आगई इस दोषको दूर करनेके लिये टिप्पणी कर दी है।

आशा है कि पाठक महोदयगण इस अल्पज्ञ बालककी इस लघु-ग्रन्थको प्यारकी दृष्टिसे देखेंगे ।

विनयावनत विप्रचन्द्र ।



Pandeya Umapati Datta Sharma

1908.

समर्पण ।

श्रीमन्मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र चरणकमल चञ्चरीक निरवद्य गद्य पद्य रचनाचण चातुरीक चतुर कविजन मञ्जु मानस मराल मानस-भद्र भाव भूति भूषित भव्यभानु दयोदारता द्यनेक गुण मण्डल भूमण्डल मण्डनाय-मान विशदविद्या विशाल विलास व्यतीत वहुवासर विभावरीक निष्कलङ्क सकल कला कलाप कुशल कलकत्ता स्थित श्रीविशुद्धानन्द सरस्वती विद्यालय--प्रधानाध्यक्ष (प्रिन्सपल) पाण्डेय श्रीमदुमापतिदत्त शर्म्मणे नमोनमः ।

मदीयकल्पतरुकल्प !

जब कि आपने अपने पाणि पल्लव की छायामें मुझे आश्रय दिया तो मेरी वस्तुको भी अवश्य आश्रय देंगे। इसी भरोसे यह पुस्तक आपकी सेवामें सादर समर्पित है अङ्गीकार कीजिये ।

विजया दशमी
विक्रमाब्द १९९० }

विनीत—
विप्रचन्द्र ।

दोहा ।

श्रीराधाधव माधव श्रीसीताधव धीर ।
त्वां नमामि शिरसा सदा धृतमत्स्यादि शरीर ॥ १ ॥
कुण्डल मण्डित श्रवण युग पीत बसन जगदीश ।
वासं कुरु सह राधया मम हृदये गोपीश ॥ २ ॥
नन्दतनय तव सन्निधौ प्रार्थयामि हृदयेन ।
श्रवणे कुरु मम निर्मले वेणोस्वरं दु निनदेन ॥ ३ ॥
श्रीराधे कृष्णप्रिये श्रीवृषभानुसुतेहि ।
मह्य मचलभक्तिं परां निज पद कमले देहि ॥ ४ ॥
श्रीराधाराधाधवौ भवबाधा शमनौच ।
सन्तनुतां मम मङ्गलं निखिल दुःख दमनौच ॥ ५ ॥

भामिनीविलास ।

(प्रथमविलास)

शिखरिणी ।

दिगन्ते श्रूयन्ते मदमलिनगण्डा: करटिन: ।
करिण्य: कारुण्यास्पदमसम शीला: खलु मृगा: ॥
इदानीं लोके ऽस्मिन्ननुपमशिखानां पुन रयं ।
नखानां पाण्डित्यं प्रकटयतु कस्मिन्मृगपति: ॥ १ ॥

पृथ्वी ।

पुरा सरसि मानसे विकचसारसालिस्खलत ।
परागसुरभीकृते पयसि यस्य वीतं वय: ॥
स पल्वलजले ऽधुना मिलदनेकभेकाकुले ।
मरालकुलनायक: कथय रे कथं वर्तताम् ॥ २ ॥

शार्दूल विक्रीड़ित ।

तृष्णालोल विलोचने कलयति प्राचीं चकोरीगणे ।
मौनं मुञ्चति किञ्च कैरवकुले कामे धनुर्धुन्वति ॥
माने मानवतीजनस्य सपदि प्रस्थातुकामे ऽधुना ।
धात: किन्नु विधौ विधातु मुचितो धारा धरा डम्बर: ॥ ३ ॥

मालिनी ।

अयि ! दलदरविन्द स्यन्दमानं मरन्दं ।
तव किमपि लिहन्तो मञ्जु गुञ्जन्तु भृङ्गा: ॥
दिशि दिशि निरपेक्ष स्तावकीनं विवृण्वन् ।
परिमल मय मन्यो बान्धवो गन्धवाह: ॥ ४ ॥

गीति ।

समुपागतवति दैवा दवहेलां कुटज ! मधुकरे मागा: ।
मकरन्दतुन्दिलाना मरविन्दाना मयं महामान्य: ॥ ५ ॥

सवैया।

भाजि दिगन्त गये डरिकै बर वीर गयन्द (१) मबै मतवारे।
दीन बड़ी हरणी करिणी तिनको सुविलोकि दया उर धारे॥
"विप्रसुचन्द" भली उपमा तिनकी दिखरात नहीं जगसारे।
तीखनता अपने नखकी प्रगटावै कहां मृगराज (२) विचारे॥ १॥

रोला।

जो पराग (३) जुत पद्म गन्धतें नीर सुवासित।
मान सरोवर मांह बितायो वय (४) अपनो नित॥
सो अनेक मंडूक (५) सहित पलुल (६) मंह वासर।
कहो वितावै कस मराल (७) कुलनाथ गुणाकर॥ २॥

छपै।

तृष्णा चञ्चल नैन चकोरी गण प्राची (८) दिशि।
सांझ विलोकत और मुकुद बन विकसित जिहि निशि॥
तानि धनुष अरु पञ्चवान (९) निज बान चलावत।
पिय ऽपराध करि याद नारि जो रोम (१०) जनावत॥
सोऊ छोड़त मानको देखैं चन्द्रकलानि जब।
धात! तोहि चाहिय न घनमण्डल पसरैवो सु तव॥ ३॥

रोला।

ए बिकसित अरविन्द (११) झरत मकरन्द (१२) पियत जे।
करैं मञ्जु गुञ्जार सदा तुव मीत मधुप ते॥
पै निस्पृह सो (१३) गंधवाह (१४) परिमल (१५) फैलावत।
अहै तुम्हारो बन्धु चहूं दिसि जो गुन गावत॥ ४॥

दोहा।

बड़े भाग आयो मधुप कुटज (१६) न करु अपमान।
यह विशेष मकरन्द जुत कमलनके महमान॥ ५॥

---

(१) गजेन्द्र। (२) सिंह। (३) फूलकी धूली। (४) उमर। (५) मेडक। (६) बहुत छोटा तलाव जिसका पानी गदला हो। (७) हंस। (८) पूरब। (९) काम। (१०) कोप। (११) कमल। (१२) पुष्परस। (१३) कोमल। (१४) लोभ रहित। (१५) पवन। (१६) पुष्पविशेष।

आर्या।

तावत् कोकिल! विरसान् यापय दिवसान् वनान्तरे निवसन्।
यावन् मिलदलिमालः कोपि रसालः समुल्लसति॥ ६॥

पुष्पिताग्रा।

कमलिनि मलिनीकरोषि चेतः किमिति वकै रवहेलिता ऽनभिज्ञैः।
परिणत मकरन्दमार्मिका स्ते जगति भवन्तु चिरायुषो मिलिन्दाः॥७॥

गीति।

नितरां नीचो ऽस्मीति त्वं खेदं कूप मा कदापि कृथाः।
अत्यन्तसरसहृदयो यतः परेषां गुणग्रहीता सि॥ ८॥

आर्या।

येना ऽमन्दमरन्दे दलदरविन्दे दिना न्यनायिषत।
कुटजे खलु तेने हा तेने हा! मधुकरेण कथम्॥ ९॥

उद्गीति।

अयि मलयज महिमा ऽयं कस्य गिरा मस्तु विषय स्ते।
उद्गिरतो यद्गरलं फणिनः पुष्णासि परिमलोद्गारैः॥ १०॥

गीति।

पाटीर! तव पटीयान कः परिपाटी मिमा मुरीकर्त्तुम्।
यत् पिंषता मपि नृणां पिष्टो पि तनोषिपरिमलैःपुष्टिम्॥११॥

आर्या गीति।

नीरक्षीर विवेके हंसा ल मालस्यं त्व मेव तनुषे चेत्।
विश्वस्मिन्नधुना न्यः कुलव्रतं पालयिष्यति कः॥ १२॥

दोहा।

बितवहु कोकिल अनत बसि नीरस दिवस विशाल।
नहिं जबलौं अलि (१) माल जुत विलसत एक रसाल॥ ६॥

चौपाई।

जो मूरख बक मान न कीना।
कमलिनि किमि चित करत मलीना॥
तुव पराग (२) के जानन वारे।
जीवैं मधुकर बरस हजारे॥ ७॥

दोहा।

हौं अति नीच विचारि यह करहु न खेद सुकूप।
पर गुन (३) ग्राही अरु सरस तेरो हृदय अनूप (४)॥ ८॥

दोहा।

बहु दिन विकसित कमल महं बितयो मधुकर जौन।
हा! अब कैसे कुटज महं परम प्रेम किय तौन॥ ९॥

दोहा।

तुव महिमा चन्दन! अहो! बरनि सकै जन कौन।
पोषत फणिन (५) सुवास लै विष बरसावत जौन॥ १०॥

दोहा।

चन्दन यह तेरो चलनि चलि को सक जग माहिं।
जऊ तोहि घरसत मनुज तऊ देत सुख ताहि॥ ११॥

दोहा।

नहिं करिहौ जब हंस तुम नीर छीर पहचान।
रखिहै कुलमरजाद तब जगमहं कौन सुजान॥ १२॥

---

(१) भौंरा। (२) फूलकी धूली। (३) गुण वा डोरी
(४) उपमा रहित। (५) सर्पोंको।

गीति।

उपरि करवालधाराकाराः क्रूरा भुजंगपुङ्गवाः।
अन्तः साक्षाद्राक्षा दीक्षागुरवो जयन्ति के पि जनाः ॥१३॥

प्रहर्षिणी।

स्वच्छन्दं दलदरविन्द ते मरन्दं विंदन्तो विदधतु गुञ्जितं मिलिन्दाः
आमोदा नथ हरिदन्तराणि नेतुं नैवान्यो जगति समीरणात्प्रवीणः १४

शार्दूलविक्रीडित।

याते मय्यचिरान्निदाघजलनज्वालाशतैः शुष्कताम्।
गन्ता कम्प्रति पान्थसन्तति रसौ सन्तापमालाकुला॥
एवं यस्य निरन्तराधिपटलैर्नित्यं वपुः क्षीयते।
धन्यंजीवन मस्य मार्गसरसो धिग् वारिधीनां जनुः॥१५॥

वसन्त तिलक।

आपेदिरे ऽम्बरपथं परितः पतङ्गाः
भृङ्गारसालमुकुलानि समाश्रयन्ते।
सङ्कोच मञ्चति सर स्त्वयि दीनदीने
मीनो नु हन्त कतमां गति मभ्यपैतु॥ १६॥

गीति।

मधुप इव मारुते ऽस्मिन् मा सौरभलोभ मम्बुजिनि मंस्थाः।
लोकाना मेव मुदे महितोपकारा ऽसुनार्थिताप्रीतः॥ १७॥

गीति।

गुञ्जति मञ्जु मिलिन्दे मा मालतिः मौन मुपयासीः।
शिरसा वदान्यगुरवः सादर मेनं वहन्ति सुरतरवः॥ १८॥

दोहा।

ऊपर धार कृपाण सम क्रूर सर्प सम जौन ॥
भीतर मधुर सुदाख सम जीवैं गुरुवर तौन ॥ १२ ॥

रोला।

ऐ ! विकसित अरविन्द ! सुछन्द पराग पान करि ।
भ्रमर करैं गुञ्जार सदा अति मोद हीय धरि ॥
पै पसारिबे हेत गन्धको बहु [illegible] ।
है समीर तैं कुशल (१) अगत-सह कोऊ नाहीं ॥ १४ ॥

रोला।

जैहैं जब हम सूखि कठिन रवि किरन ज्वाल ते ।
तब कहं जैहै पथिक (२) सङ्घ (३) यह प्यासा कुल जे ॥
अस विचार नित आधि (४) पटल सूखत वपु (५) जिनको ।
धनि तिहि सरको जन्म अहै धिक वारिधि गनको ॥ १५ ॥

रोला।

गयो गगन पथ मांझ चहूँ दिसितैं पङ्कोजन ।
पुनि रसालके सुमनमांझ किय बास भ्रमरगन ॥
ऐ सरवर ! अतिचाल ! नीर तुव गयो सूखि जब ।
जायं कहां अकुलाय हाय यह दीन मीन तब ॥ १६ ॥

दोहा।

कमलिनि लोभी मधुप सम मारुतको जिन जान ।
जीवनके (६) हित लागि यह जाचक भयो सुजान ॥ १७ ॥

दोहा।

गुञ्जत मञ्जु मलिन्द जब गहु न मालती ! मौन ।
धारत सादर सीस इहिं दानी सुरतरु जौन ॥ १८ ॥

---

(१) चतुर। (२) राही। (३) समूह। (४) मानसो व्यथा। (५) शरीर। (६) प्राणियों।

गीति।

ये त्वं गुणगणवानपि सतां द्विजिह्वै रसेव्यतां नीतः।
तानपि वहसि पटीरज! किं कथयाम स्त्वदीय मौन्नत्यम्॥१८॥

आर्या।

गाह्रित मखिलं गहनं परितो दृष्टा श्च विटपिनः सर्वे।
सहकारः न प्रपेदे मधुपेन भवत्समं जगति॥ २०॥

आर्या।

अपनीतपरिमलान्तरकथे पदं न्यस्य देवतरुकुसुमे।
पुष्पान्तरेऽपि गन्तुं वाञ्छसि चेद्भ्रमर! धन्योऽसि॥ २१॥

उपगीति।

तटिनि! चिराय विचारय विन्ध्यभुव स्तव पवित्रायाः।
शुष्यन्त्या अपि युक्तं किं खलु रथ्योदकादानम्॥ २२॥

आर्या।

पत्रपुष्पफललक्ष्मया कदा प्यदृष्टं वृतं च खलुशूकैः।
उपसर्पेम भवन्तं वर्बुर वद कस्य लोभेन॥ २३॥

आर्या।

एक स्त्वं गहनेऽस्मिन् कोकिल! न कलं कदाचि दपि कुर्याः।
साजात्यशंकयाऽमी न त्वां निघ्नन्ति निर्दयाः काकाः॥ २४॥

आर्या।

तरुकुलसुषमापहरां जनयन्तीं जगति जीवजातार्तिम्।
केन गुणेन भवानीतात! हिमानी मिमां वहसि॥ २५॥

रोला।

है यद्यपि गुणवान तऊ तजियत जेहि कारन।
सो लिपटेही रहत भुजग तुव अङ्ग मझारन॥
ऐ चन्दन! तुम ताहि रखत निज अङ्ग सदाई।
यह उदारता तोर काहु तें कही न जाई॥ १९॥

दोहा।

ढूँढ्यो मधुप अनेक वन देख्यो विटप (१) हजार।
पै नहि पायो तुव सरिस जगमहं ऐ सहकार (२)॥ २०॥

अलि! सुगन्धजुत देवतरु (३) कुसुमनपै धरि पाय।
चहत दूसरे सुमनको तौ धनि तोर सुभाय॥ २१॥

जन्म विन्ध्यतें शुद्ध तुव नदि! विचारु मन माहि।
सूखत तउ लैबो उचित जल मलीनतें नाहिं॥ २२॥

पत्र पुष्प फल हीन तुम कण्टक भरो शरीर।
हम आवैं किहि लोभसो कहु बबूल! तुव तीर॥ २३॥

कोकिल! यावन एक तुम कहहु न मञ्जुल वाक।
तोहि जानि निज सरिस ये मरिहैं निर्दय काक॥ २४॥

चौपाई।

तरु कुल सुषमा नासनवारो।
अरु सब जनको करत दुखारो॥
कौन जानि गुन गौरी ताता।
राखत हिम कहं अपने गाता॥ २५॥

---

(१) वृक्ष। (२) आम। (३) कल्पवृक्ष।

गीति।

कलभ ! तवान्तिक मागत मलि मेनं मा कदा प्यवज्ञासीः।
अपि दानसुन्दराणां द्विपधुर्याणा मयं शिरोधार्यः॥ २६॥

आर्या।

अमरतरुकुसुम सौरभ सेवन सम्पूर्ण सकलकामस्य।
पुष्पान्तरसेवे यं भ्रमरस्य विडम्बना महती॥ २७॥

आर्या।

पृष्टाः खलु परपुष्टाः परितो दृष्टा श्च विटपिनः सर्वे।
माकन्द ! न प्रपेदे मधुपेन तवो पमा जगति॥ २८॥

मन्दा क्रान्ता।

तोयै रल्पै रपि करुणया भीमभानौ निदाघे।
मालाकार व्यरचि भवता या तरो रस्य पुष्टिः॥
सा किं शक्या जनयितु मिह प्रावृषेण्येन वाराम्।
धारासारा नपि विकिरता विश्वतो वारिदेन॥ २९॥

शार्दूलविक्रीडित।

आरामाधिपति र्विवेकविकलो नूनं रसा नीरसा।
वात्याभिः परुषीकृता दशदिश श्चण्डातपो दुःसहः॥
एवं धन्वनि चंपकस्य सकले संहारहेता वपि।
त्वं सिञ्च न्नमृ तेन तोयद ! कुतो प्याविष्कृतो वेधसा॥ ३०॥

शिखरिणी।

न यत्र स्थेमानं दधु रतिभयभ्रांतनयनाः।
गलद्दानोद्रेक भ्रमदलि कदम्बाः करटिनः॥
लुठन्मुक्ताभारे भवति परलोकं गतवतो।
हरे रद्य द्वारे शिव शिव शिवानां कलकलः॥ ३१॥

दोहा।

कलभ! निकट आयी मधुप न करु कबहुं अपमान।
मद मण्डित गजराज जिहि करत अधिक सनमान ॥२६॥

मधुप देवतरु कुसुमतें सकल मनोरथ पूरि।
अपर सुमनको सेइबो यहै विडम्बन भूरि ॥ २७ ॥

पूछ्यो कोकिलसों भ्रमर देख्यो बिटप अनेक।
ऐ रसाल! नहिं जगतमें पायो तुव सम एक ॥ २८ ॥

अति प्रचण्ड कर (१) धारि उदित रवि ग्रीषममें जब।
ऐ माली! तुम सदय नेक जल दिय तरु मै तब ॥
पावसमें नित मेघ यदपि बरसै धारा सब।
तौहु नहिं करि सकत ताहिको सो समता अब ॥ २९ ॥

माली अति मतिमन्द भई पुहुमी नीरस अब।
चलत बात परचण्ड चहुं दिसि रवि तापत सब ॥
ऐसे मरुथल मांह लग्यो चम्पक जब झरसन ।
बिधितें प्रगटित मेघ तबै लाग्यो जल बरसन ॥ ३० ॥

स्रवत जासु मद धार कपोलन झुकत भ्रमर गन।
सो अतिही भय मानि रहत जहं गजगन नेक न ॥
गजमोती जिहिं हार लुढ़त तहं हाय शिवा (२) सब ।
कलकल करत महान सिंह परलोक गयो जब ॥ ३१ ॥

---

(१) किरन। (२) सियारिन।

शिखरिणी ।

दधानः प्रेमाणं तरुषु समभावेन विपुलं ।
न मालाकारो ऽस्मा वकृत करुणां बालबकुले ॥
अयन्तुद्रा गुम्यत्कुसुमनिकराणां परिमलैः ।
दिगन्ता नातेने मधुमकुलझंकारभरितान् ॥ २२ ॥

शार्दूल विक्रीड़ित ।

मूलं स्थूल मतीवबन्धनदृढं शाखाः शतं मांसलाः ।
वासो दुर्गमहीधरे तरुपते ! कुत्रा स्ति भीति स्तव ॥
एकः किन्तु मना गयं जनयति स्वान्ते ममा धिज्वरं ।
ज्वालालीवलयीभवन्न कारणो दावानलो घस्मरः ॥ २३ ॥

ग्रीष्मे भीष्मतरैः करै र्दिनकृता दग्धो पि यश्चातकः ।
त्वां ध्यायन् घन वासरान् कथ मपि द्राघीयसो नीतवान् ॥
दैवा ल्लोचनगोचरेण भवता तस्मिन्निदानीं यदि ।
स्त्रीचक्रे करकानिपातमकृपा तत् कम्प्रति ब्रूमहे ॥ २४ ॥

मालिनी ।

दवदहनजटालज्वालजालाहतानाम् ।
परिगलितलतानां म्लायतां भूरुहाणाम् ॥
अपि जलधर शैलश्रेणिशृङ्गेषु तोयम् ।
वितरसि बहु को ऽयं श्रीमद स्तावकीनः ॥ २५ ॥

वसन्त तिलका ।

शृण्वन् पुरः परुषगर्जित मस्य हन्त !
रेपान्थ विह्वलमना न मना गपि स्याः ॥
विश्वार्तिवारणसमर्पितजीवितो यं ।
ना कर्णितः किमु सखे भवता ऽम्बुवाहः ॥ २६ ॥

रोला।

माली नित सम भाव प्रेम किय सब तरु कुलमैं।
यदपि अधिक नहिं प्रीति करी इहिं बाल वकुलमैं (१) ॥
यह तौ वेगिहि प्रगट सकल कुसुमन परिमलतें।
चहुँ दिसि किय झङ्कार अलिनके मृदु कलकलतें ॥ २२ ॥

दृढ़ बन्धन दृढ़ मूल पीन शत शाखा हू सब।
दुर्ग शैलपर बास त्रास नहिं कछु तरुको अब ॥
तऊ यहै दुख देत एक, मन चैन न इक पल।
ज्वालजालमण्डलित अदय (२) लोलुप दावानल ॥२३॥

ग्रीषम भीषम (३) भानु किरण तापित हू चातक।
तुम्हें सुमिरि हे मेघ! कठिन बितयो बहु दिन सक ॥
बड़े भागतें आज नयन आगे भौ तुम जब।
कीन्हीं करका (४) पात काहि सो हाय कहूं तब ॥ २४ ॥

कठिन दवानल ज्वाल जालतें जरत जासु तन।
म्लान भये तरु सबै और खसि परे लतागन ॥
अहो मेघ! तउ शैल माझ बरसत जल धारा।
कौन सकै कहि यह विचित्र अभिमान तुम्हारा ॥ २५ ॥

दोहा।

प्रथम गरज कटु सुनि पथिक! दुखित न करु मन नेक।
सुन्यो न किमि प्रिय! जग सकल ताप हरन घन एक ॥ २६ ॥

---

(१) मौलिसरी। (२) दया रहित। (३) भयानक। (४) ओले।

शार्दूल विक्रीड़ित।

सौरभ्यं भुवनत्रये ऽपि विदितं शैत्यं नु लोकोत्तरम्।
कीर्त्तिः किञ्च दिगङ्गनाङ्गणगता किन्त्वेत देकं शृणु॥
सर्वानेव गुणा नियं निगिरति श्रीखण्ड ते सुन्दरान्।
उज्झन्ती खलु कोटरेषु गरलज्वालां विजिह्वावली॥ ३७॥

अनुष्टप।

नापेक्षा नच दाक्षिण्यं न प्रीति र्न च सङ्गतिः।
तथापि हरते तापं लोकाना मुन्नतो घनः॥ ३८॥

शिखरिणी।

समुत्पत्तिः स्वच्छे सरसि हरिहस्ते निवसतिः।
विलासः पद्मायाः सुरहृदयहारी परिमलः॥
गुणै रेतै रन्यै रपि च ललित स्याम्बुज तव।
द्विजोत्तंसे हंसे यदि रति रतीवोन्नति रियम्॥ ३९॥

शार्दूल विक्रीड़ित।

साकं ग्रावगणै र्लुठन्ति मणय स्तीरे ऽर्कबिम्बोपमाः।
नीरे नीरचरैः समं स भगवान् निद्राति नारायणः॥
एव वीक्ष्य तवा विवेक मपि च प्रौढिं परा मुन्नतेः।
किं निन्दा न्यथवा स्तवानि कथय क्षीरार्णव त्वा महम्॥ ४०

गीति।

किं खलु रत्नै रेतैः कि म्पुन रभ्रायितेन वपुषाते।
सलिल मपि य न्नतावक मर्णववदनं प्रयाति तृषितानाम्॥ ४१॥

रोला।

त्रिभुवन विदित सुगन्ध अलौकिक शीतलता अरु।
कीरति चहुँ दिसि ख्यात तऊ सुनु है चन्दनतरु॥
यह कोटर मधि भुजग श्रेणि जो विष बरसावति।
सो तुव अति रमणीय विपुल गुणगण बिनसावति॥३७॥

दोहा।

नहि आशा अनुकूलता नहीं प्रीति अरु सङ्ग।
ताप हरत तउ सबनको उन्नत मेघ सुरङ्ग॥ ३८॥

रोला।

जन्म विमल सरमाहि वास हरि (१) कर कमलन मंह।
कमलाको (२) सुविलास गन्ध मनहरन सुरन कंह॥
सकल गुणाकर ललित कमल! यह अति उन्नति तव।
द्विजशेखरमणि हंसमांह तुव विमल प्रेम जव॥ ३९॥

रविमण्डल सम रतन शिला संग लुढ़त तीरमै।
जलचारिनके सङ्ग शयन हरि करत नीरमै॥
ऐसो तुव अविवेक देखि पुनि उन्नति उत्तम।
कहहु क्षीरनिधि! काह? करै निन्दास्तुति तुवहम॥ ४०॥

दोहा।

काह? भयो बहु रतनतैं काह सुघर तुव गात।
उदधि! जलहु जो तृषितके सुखमंह नाही जात॥ ४१॥

---

(१) विष्णु। (२) लक्ष्मी।

शिखरिणी।

इयत्यां सम्पत्ता वपिच सलिलानां त्व मधुना।
न तृष्णा मार्तानां हरसि यदि कासार सहसा॥
निदाघे चण्डांशौ किरति परितो ऽङ्गारनिकरं।
कृशीभूतः केषा मह ह परिहर्त्तासि खलु ताम्॥ ४२॥

औपच्छसिकं।

अयि रोष मुरीकरोषि नो चेत् किमपि त्वां प्रति वारिधे वदामः।
जलदेन तवार्थिना विमुक्ता न्यपि तोयानि मनाङ् न हा जहासि ४३

उपजाति।

न वारयामो भवतीं विशन्तीं वर्षानदि! स्रोतसि जन्हुजायाः।
न युक्त मेत त्तु पुरो व दस्या स्तरङ्गभङ्गान्प्रकटीकरोषि॥ ४४॥

शार्दूल विक्रीडित।

पौलोमीपतिकानने विलसतां गीर्वाणभूमीरुहाम्।
येन घ्रातसमुज्झितानि कुसुमा न्याजघ्निरे निर्जरैः॥
तस्मिन्नद्य मधुव्रते विधिवशान्माध्वीक माकांक्षति।
त्वं चे दञ्चसि लोभ मम्बुज तदा किं त्वां प्रति ब्रूमहे॥४५॥

वसन्त तिलका।

भुक्तामृणालपटली भवता निपीता,
न्यम्बूनि यत्र नलिनानि निषेवितानि।
रेराजहंस! वद तस्य सरोवरस्य
कृत्येन केन भवितासि कृतोपकारः॥ ४६॥

रोला।

इतनी सम्पति आज पाइहु तुम सलिलनको (१)।
हरत न बेगिहिं तृषा सरोवर जो तृषितनको॥
ग्रीषम भीषम तपन (२) भरत चहुँदिसि अंगार जब।
हरिहो किहिको प्यास हाय तुम अतिहि सूखि तब॥ ४२॥

दोहा।

रे वारिधि! (३) हम कहत कछु यदि न कोप करु एक।
तुव जल लै बरसत जलद तुम न देत जल नेक॥ ४३॥

बरषा नदि! बरजौं न तोहि गङ्ग धारमैं जात।
उचित न तिहिं ढिग जाह्नवी बहु तरङ्ग प्रगटात॥ ४४॥

रोला।

नन्दन कानन मांझ विराजित सुरतरु गनको।
देवनके संग मधुप लियो शुभगन्ध सुमनको॥
सो तुव चहत पराग आय बड़भागन तें अब।
अहो जलज! तुम लोभ करत मैं काह कहूँ तब॥ ४५॥

दोहा।

जहं जल पिय सूँघ्यो कमल किय मृणाल आहार।
तिहिं सरको कछु हंस तुम कियो कौन उपकार॥ ४६॥

---

(१) जल। (२) सूर्य्य। (३) समुद्र।

शार्दूल विक्रीड़ित।

प्रारम्भे कुसुमाकरस्य परितो यस्यो ल्लसन्मञ्जरी।
पुञ्जेमञ्जुलगुञ्जितानि रचयं स्ता नातनो रुत्सवान्॥
तस्मिं न्नद्य रसाल शाखिनि दशां दैवात् कृशा मञ्चति।
त्वञ्चे न्मुञ्चसि चञ्चरीक विनयं नीच स्त्वदन्यो ऽस्ति कः ४७

वसन्त तिलक।

एणीगणेषु गुरुगर्वनिमीलिताक्षः
किं कृष्णसार! खलु खेलसि कानने ऽस्मिन्।
सीमा मिमां कलय भिन्नकरीन्द्रकुम्भ
मुक्तामयीं हरिविहार वसुन्धरायाः॥ ४८॥

आर्या।

जठरज्वलनज्वलता प्यपगतशङ्कं समागता पि पुरतः।
करिणा मरिणा हरिणा हरिणाली हन्यतां नु कथम्॥४९॥

रथोद्धता।

येन भिन्नकरिकुम्भविस्खलन् मौक्तिकावलिभि रञ्चितामही।
अद्य तेन हरिणान्तिके कथं कथ्यतां नु हरिणा पराक्रमः॥५०॥

शिखरिणी।

स्थितिं रे नो दध्याः क्षण मपि मदान्धेक्षण सखे।
गजश्रेणीनाथ त्व हिम जटिलायां वनभुवि॥
असौ कुम्भिभ्रांत्या खरनखरविद्रावितमहा।
गुरुग्रावग्रामः स्वपिति गिरि गर्भे हरिपतिः॥ ५१॥

मुंजुभाषिणी।

गिरिगह्वरेषु गुरुगर्वगुम्फितो। गजराजपोत! न कदापि सञ्चरेः॥
यदि बुध्यते हरिशिशु स्तनन्धयो। भविता करेणुपरिशेषिता मही॥५२॥

कवित्त।

प्रथम बसन्त जब आयो जगमाहि तब मंजरी प्रसूनको (१) चहूंधा सरसात है। तापै बैठि बार बार गुंजरत मंजु मंजु उत्सव अनेक तुम कीन्ह दिन रात है॥ कठिन अभाग बस ह्वै तैं पुनि आज सोई सरस रसाल तरु छाय जो सुखात है। भ्रमर विनीत भाव तजत अवै जो तव तो सम न नीच कोउ जगमै जनात है॥ ४७॥

रोला।

हरिणी गण मधि आज अधिक मद अंध गरव करि।
किम खेलसि हे कृष्णसार! (२) दृग मूंदि विपिन (३) भरि॥
मद झूमत गजराज कुम्भ पाटित मुक्ताको।
पूरित सीमा समभ सिंह खेलन वसुधाको (४)॥ ४८॥

दोहा।

जदपि जरत जठरागि तैं गजरिपु सिंह सुवीर।
तदपि हनै किमि मृगनको अभय जु आयो तीर॥ ४९॥

विदलित गजमुकुतानि तैं सोभित महि किय जौन।
अब निज बल कस हरिणतैं कहै केशरी तौन॥ ५०॥

रोला।

ठहरु न इक छन इहां अगम बन भूमि कठिन अति।
अरे सखे! मदअन्धनयन! तुम गजसमूहपति!॥
गजभ्रमतैं खर (५) नखनि खण्डि गुरु शिला खण्ड कांह।
सोवत है मृगराज आज यह गिरि गह्वर मंह॥५१॥

दोहा।

गजपतिशिशु! अति गरव करि गिरिमहं कबहु न घूम।
ह्वैहै शिशुहरिके (६) जगी गज विहीन यह भूम॥ ५२॥

---

(१) फूल। (२) काला मृग। (३) बन। (४) पृथ्वी।
(५) तेज। [६] सिंहका बच्चा।

शिखरिणी।

निसर्गाद् आरामे तरुकुल समारोप सुकृती ।
कृती मालाकारो बकुल मपि कुत्रापि निदधे ॥
इदं को जानीते यदय मिह कोणान्तरगतो ।
जगज्जालं कर्त्ता कुसुमभरसौरभ्यभरितम् ॥ ५३ ॥

शार्दूल विक्रीडित।

यस्मिन् वेल्लति सर्वत: परिचलत्कल्लोलकोलाहलै
र्मन्थाद्रिभ्रमणभ्रमं हृदि हरिदन्तावला: पेदिरे ॥
सो ऽयं तुङ्गतिमिङ्गिलाङ्गकवलीकारक्रियाकोविद: ।
क्रोडे क्रीडतु कस्य कालकलहत्यक्तार्णवो राघव: ॥ ५४ ॥

लूनं मत्तमतंगजै: कियदपि च्छिन्नं तुषारार्दितै: ।
शिष्टं ग्रीष्मजभीष्मभानुकिरणै र्भस्मीकृतं काननम् ॥
एषा कोणगता मुहु: परिमलै रामोदयंती दिश: ।
हा कष्टं ललिता लवंगलतिका दावाग्निना दह्यते ॥ ५५ ॥

स्वर्लोकस्य शिखामणि: सुरतरुग्रामस्य धामाद्भुतं ।
पौलोमीपुरुहूतयो: परिणति: पुण्यावलीना मसि ॥
सत्यं नन्दन ! किन्त्विदं सहृदयै र्नित्यं विधि: प्रार्थ्यते ।
त्वत्त: खाण्डवरङ्गताण्डवनटो दूरे ऽस्तु वैश्वानर: ॥ ५६ ॥

स्वस्वव्यापृतिमग्नमानसतया मत्तो निवृत्ते जने ।
चञ्चूकोटिविपाटितारपुटो यास्या म्यहं पञ्जरात् ॥
एवं कीरवरे मनोरथ मयं पीयूष मास्वादय ।
त्यन्त: सम्प्रविवेश वारणकराकार: फणिग्रामणी: ॥ ५७ ॥

रोला ।

तरु कुल रोपन चतुर कुशल माली उपवन मधं ।
निज सुभावतें कहूं लगायो याहि बकुल कहं ॥
यह को जानत काहु कौनमहं यह उगिहै जब ।
कुसुम पुञ्ज शुभ गन्ध भरित करिहै सब जग तब ॥ ५३ ॥

जेहि उछलत चहुँओर चलत जब तुँग तरङ्गन ।
मंदर मंथन सरिस करत शंका दिग्गजगन ॥
बड़ो तिमिंगिल (१) काय ग्रास करिवेमें बुधजो ।
राघवं (२) खेले गोद काहिके, भगरि सिंधु सो ॥ ५४ ॥

कवित्त ।

काननको नास्यो दलि मदतें सुमत्तगज शीत उत पात पनि कीनो बहु छति है । सेसहुतो जेतो ताहि ग्रीषम प्रचंड रवि किरण समूह करि दीन्हो छार अति है ॥ ता वनके कोने लगी जोई निज चारों दिसा सुमन पराग तें सुगन्धित करति है । याहि कठिनाई हाय सोई बरसातो आज ललिका लवंगको दवागितें जरति है ॥५५॥

रोला ।

सुरपुर चूड़ामणी सकल सुरतरु कहं भूषन ।
सची इन्द्र कहं विपुल पुन्यके ही फल पूरन ॥
नन्दन ! है यह सत्य सुजन तउ विधि तें जाचंहि ।
खाण्डव रँगनट अगिनि कबूँ तुव ढिग जिन आवहि ॥ ५६ ॥

निज निज कारज हेत सबै जब जैहैं बाहर ।
तोरि चोंचतें द्वार जाऊं निहचै तजि पंजर ॥
अस विचारमय अमिय कीर पीवन लाग्यो जब ।
करिको सूँड़ समान धस्यो अहि पंजर मधं तब ॥ ५७ ॥

---

(१) एक बड़ी मछली । (२) बड़ा मच्छ ।

शार्दूल विक्रीडित ।

रेचाञ्चल्यजुषो ! मृगाः ! श्रितनगाः कल्लोलमालाकुला ।
मेता मम्बुधिगामिनीं व्यवसिताः सङ्गाहितुं वा कथम् ॥
अत्रैवो च्छलदम्बुनिर्भरमहावर्त्तैः समावर्त्तितो ।
यद् ग्रावेव रसातलं पुन रसौ यातो गजग्रामणीः ॥ ५८ ॥

शिखरिणी ।

पिव स्तन्यं पोत ! त्व मिह मददन्तावलधिया ।
दृगन्ता नाधत्से किमिति हरिदन्तेषु परुषान् ॥
त्रयाणां लोकाना मपि हृदयतापं परिहरन् ।
अयं धीरं धीरं ध्वनति नवनीलो जलधरः ॥ ५९ ॥

उपगीति ।

धीरध्वनिभि रलं ते नीरद मे मासिको गर्भः ।
उन्मदवारणबुद्ध्या मध्ये जठरं समुच्छलति ॥ ६० ॥

अनुष्टुप् ।

वैतुण्डगण्डकण्डूतिपाण्डित्यपरिपन्थिना ।
हरिणाहरिणालीषु कथ्यतां कः पराक्रमः ॥ ६१ ॥

शार्दूलविक्रीडित ।

नीराच्निर्मलतो जनि र्मधुरता वामामुखस्पर्द्धिनी ।
वासो यस्य हरेः करे परिमलो गीर्वाण चेतोहरः ॥
सर्वस्वं तदहो महाकविगिरां कामस्य चाम्भो रुह ! ।
त्व ञ्चे त्प्रीतिमुरीकरोषि मधुपे त त्वां किमाचक्ष्महे ॥ ६२ ॥

उपगीति ।

लीलामुकुलितनयनं किं सुखशयनं समातनुषे ।
परिणामविषमहरिणा करिनायक ! वर्द्धते वैरम् ॥ ६३ ॥

अनुष्टुप् ।

विदुषां वदना द्वाचः सहसा यान्ति नो वहिः ।
याता श्चे न्न पराञ्चन्ति द्विरदानां रदा इव ॥ ६४ ॥

रोला।

रे चञ्चल! मृगसवै! शैलवासी! किमि गाहत?।
बहु तरङ्ग जुत नदी, समुदसों मिलि जो बाहत॥
देखहु याही ठाम भ्रमत जह नीर समाजहु।
गो, पखान सम घूमि रसातल महं गजराजहु॥ ५८॥

अरे केशरीतनय! करहु पय पान मोद भरि।
जानि मत्तगज चहूं ओर किमि लखत रोष करि।
तीन भुवन कहं सकल जीवको हृदय तापहर।
नवल नील मृदु मन्द मन्द गरजत यह जलधर॥ ५९॥

दोहा।

अहो मेघ मति गरजु अब मेरो मासिक गर्भ।
जानि मत्तगज उदरमधि उछलत आज सगर्ब॥ ६०॥

करि कपोल पाटन करन कुशल केशरी जौन।
हरिण जूथ पै कसकरै बल प्रकाश निज तौन॥ ६१॥

रोला।

विमल नीरतें जनम मधुरता वामा मुख सम।
पुनि हरि कर महं वास गन्ध सुरमनहर उत्तम॥
सरवस हौ तुम कमल! काम अब महा कविनकहं।
काह काह्रं तब तोहि प्रीति जब करत मधुप महं॥ ६२॥

दोहा।

क्यों? विलासतें मूदि दृग,सुख सोवत गजराज।
अन्तविषम रिपु सिंहतें वैर बढ़त है आज॥ ६३॥

बुध सुखतें कबहूं बचन वेगिहि नहि प्रगटात।
निकरि फेर पलटत नहीं जिमि गज गनको दांत॥ ६४॥

शार्दूल विक्रीड़ित।

औदार्यं भुवनत्रये पि विदितं सम्भूति रम्भोनिधे
र्वासो नन्दनकानने परिमलो गीर्वाणचेतोहरः।
एवं दातृगुरो र्गुणाः सुरतरोः सर्वेपि लोकोत्तराः
स्यादर्थि प्रवरार्थितार्पणविधा वेको विवेको यदि ॥ ६५ ॥

एको विश्वसतो हरा म्यपघृणः प्राणा नहं प्राणिनाम्।
इत्येवं परिचिन्त्य मा स्वमनसि व्याधानुतापं कृथाः ॥
भूपानां भवनेषु किञ्च विमलक्षेत्रेषु गूढाशयाः।
साधूना मरयो वसन्ति कतिनो त्वत्तुल्यकक्षाः खलाः ॥ ६६ ॥

गीति।

विश्वास्य मधुरवचनैः साधून् ये वञ्चयन्ति नम्रतमाः।
ता नपि दधासि मातः! काश्यपि! यात स्तवापि च विवेकः ॥६७॥

वसन्त तिलक।

अन्या जगद्धितमयी मनसः प्रवृत्ति
रन्यैव कापि रचनावचनावलीनाम्।
लोकोत्तरा च कृति राकृति रार्त्तहृद्या
विद्यावतां सकल मेव गिरां दवीयः ॥ ६८ ॥

आपद्गतः किल महाशयचक्रवर्त्ती विस्तारय त्यकृतपूर्वमुदारभावम्।
कालागुरु र्दहनमध्यगतः समन्तात्लोकोत्तरं परिमलं प्रकटीकरोति६९

वसन्त तिलक।

विश्वाभिराम गुणगौरवगुम्फितानाम्
रोषो ऽपि निर्मलधियां रमणीय एव।
लोकम्पृणैः परिमलैः परिपूरितस्य
काश्मीरजस्य कटुतापि नितान्तरम्या ॥ ७० ॥

रोला।

त्रिभुवन विदितउदार जनम जलनिधितें जाको।
नन्दन वनमें बास गन्ध सुरमनहर ताको ॥
दानी गुरु सुरविटपकेर उत्तम गुण हैं सब।
वर याचक अभिलषित दानमधि हो विचार जब ॥ ६५ ॥

सवैया।

जे बिस्वास करें हमपै तिहि जीवको निर्दय होय मैं मारत।
व्याध अहो ! तू विचारिकै यों मनमैं निज तापहि क्यों नितधारत ॥
भूपनके घरमै अरु तीरथमे रहै जे अति दुष्टता पारत।
साधुनके रिपुहैं खलतो सम भूतलमध्य अनेक विहारत ॥ ६६ ॥

चौपाई।

कहि मृदु वचन नम्रता कीन्ही।
दै विसास साधुहिं ठगि लीन्ही ॥
मातु ! धरणि ! तिहिं जो तुम धारो।
तब तुम्हार ह्व नस्यो विचारो ॥ ६७ ॥

रोला।

सदा जगत हित भरो जासुको मन विचारहै।
पुनि विचित्र अति वचन रचनह्व तिहि उदारहै ॥
अति उत्तम शुभकर्म रूप आरत मन हारत।
पण्डित जनको सकल काज कोउ कहि नहि पारत ॥ ६८ ॥

महादुखितहू सदा महाशयराज सुधी जन।
फैलावतहै अधिक आपनो नित उदारपन ॥
नील अगरु है जरत जदपि अति कठिन अगिनिमाहं।
अति उत्तम चहुँ ओर पसारत तउ परिमल काहं ॥ ६९ ॥

जगत मनोहर सुगुण शील गौरवतें शोभित।
विमल बुद्धि जुत विदुष जननको रोषहु है हित ॥
लोक सुखद शुभ गन्ध जाल भर पूर उदर की।
अतिहोहै रमणीय कटुकता हू केसरकी ॥ ७० ॥

शार्दूल विक्रीडित।

लीलालुण्ठितशारदापुरमहासम्पद्भराणां पुरो।
विद्यासद्मविनिर्गलत्कणमुषो वल्गन्ति चेत्पामराः॥
अद्यश्वाः फणिनां शकुन्तशिशवो दन्तावलानां वृकाः।
सिंहानां च सुखेन मूर्द्धसुपदं धास्यन्ति शालावृकाः॥७१॥

उपजाति।

गीर्भि र्गुरूणां परुषाक्षराभि स्तिरस्कृता यान्ति नरा महत्त्वम्।
अलब्धशाणोत्कषणा नृपाणां न जातु मौलौ मणयो वसन्ति॥७२॥

पुष्पिताग्रा।

वहति विषधरान् पटीरजन्मा शिरसि मसीपटलं दधाति दीपः।
विधु रपि भजते तरां कलङ्कं पिशुनजनं खलु बिभ्रति क्षितीन्द्राः॥७३॥

वसन्त तिलक।

सत्पूरुषः खलु हिताचरणै रमंद मानन्दयत्यखिललोक मनुक्त एव।
आराधितःकथय केन करै रुदारै रिन्दु र्विकाशयति कैरविणी कुलानि७४

उद्गीति।

कृत मपि महोपकारं पय इव पीत्वा निरातंकम्।
प्रत्युत हन्तुं यतते काकोदरसोदरः खलो जयति॥ ७५॥

शार्दूल विक्रीडित।

पाण्डित्यं परिहृत्य यस्य हि कृते बन्दित्व मालम्बितं।
दुष्प्रापं मनसा पि यो गुरुतरैः क्लेशैः पदं प्रापितः॥
रूढ स्तत्र स चे न्निगीर्य सकलां पूर्वोपकारावलीं।
दुष्टः प्रत्यवतिष्ठते तदधुना कस्मै किं माचक्ष्महे॥ ७६॥

शिखरिणी।

परार्थव्यासङ्गा दुपजहद पि स्वार्थपरता
ममेदैकत्वं यो वहति गुरुभूतेषु सततम्।

सवैया।

जो सुविलासतेँ भारती भौनको सम्पति आपुने हीयमैं धारो।
सामुहे ताहिके थोरे पढ़े जन बोलत बैन जो गर्व पसारो॥
आजको जायो विहंगहू सर्पपै दन्तिके सीसपै बैठिहै स्यारो।
सिंहनके सिरपै सुखसो पदधारिहै तो अब स्वानको वारो॥ ७ ॥

दोहा।

तर्जित गुरु कटु बचनतेँ पावत नर सनमान।
रहत न नृप सिरपै मणी जबलौ घिसत न सान॥ ७२॥

चन्दन धारत सर्पको कज्जल धारत दीप।
चन्दहु रखत कलङ्कको दुर्जन रखत महीप॥ ७३॥

रोला।

जगमधि जे सतपुरुष सुकारण करि सबही हित।
बिना कहेहू सकल लोकको करत अनन्दित॥
कहौ चन्दतेँ कौन ? विमल जो कर पसारि नित।
अखिल कुमुद बन जाल मालको करत विकासित॥ ७४॥

दोहा।

कृत महान उपकारको खल पय सम करिपान।
भय तजि तिहिं उलटे हतन चाहत सर्प समान॥ ७५॥

कवित्त।

छोड़ि मरजाद पण्डिताईकी अवैही हम जाके हेत बन्दी जन होय कविता कीहै। अतिही कठिन दुःख सहिकै पठायो तिहिं थानमैं जहापै गति नाहि मनसाकी है॥ उपकार सकल विसारि कृत पूरवको बैठि ताहि पदपै न राख्यो रीति वाकी है। सोई दुष्ट मोतैं आज करत बुराई तब कापै कहँ जायकै हवाल यह ताकी है॥७६॥

स्वभावाद् यस्यान्तः स्फुरति ललितोदात्तमहिमा
समर्थो यो नित्यं स जयतितरां को पि पुरुषः ॥ ७७ ॥

गीति ।

वंशभवो गुणवा नपि सङ्गविशेषेण पूज्यते पुरुषः ।
नहि तुम्बीफलविकलो वीणादण्डः प्रयाति महिमानम् ॥७८॥

आर्या ।

अमितगुणो ऽपि पदार्थो दोषेणै केन निन्दितो भवति ।
निखिलरसायनमहितो गन्धे नोग्रेण लशुन इव ॥ ७९ ॥

उपगीति ।

उपकार मेव तनुते विपद्गतः सद्गुणो नितराम् ।
मूर्च्छां गतो मृतो वा निदर्शनं पारदो च रसः ॥ ८० ॥

शिखरिणी ।

वनान्ते खेलन्ती शशकशिशु मालोक्य चकिता ।
भुजप्रान्तं भर्त्तु र्भजति भयहर्त्तुः सपदि या ॥
अहो सेयं सीता दशवदन नीता हलरदैः ।
परीता रक्षोभिः श्रयति विवशा का मपि दशाम् ॥ ८१ ॥

पुरो गीर्वाणानां निजभुजबलाहोपुरुषिकाम् ।
अहोकारंकारं पुरभिदि शरं सम्मुखयतः ॥
स्मरस्य स्वर्बालानयनशुभमालार्चनपदम् ।
वपुः सद्यो भालानलभसितजालास्पद मभूत् ॥ ८२ ॥

उपजाति ।

युक्तं सभायां खलु मर्कटानाम् शाखा स्तरूणां मृदुलासनानि ।
सुभाषितं चीत्कृति रातिथेयी दन्तै र्नखाग्रै श्च विपाटितानि ॥८३ ॥

रोला।

निज कारजको त्यागि दूसरेको हित साधत।
सकल जीव महं एक भाव जो निस दिन बांधत॥
जाके जियमें सहज ललित अति महिमा सरसत।
नित समरथ तिहि पुरुषवीर जगमधि जय दरसत॥ ७७॥

दोहा।

गुणी वंसभव संगतै जगमें होत महान।
नहि तुमड़ी बिन बीनकी दण्डहु पावत मान॥ ७८॥

सकल गुणाकर वस्तुहू एक दोष जुत जोय।
महा रसायन लसुन सम निंदा गन्धतैं होय॥ ७९॥

उत्तम जन अति दुखितहू करत सदा उपकार।
मारो हू पारा सुरस जिमि गुन करत उदार॥ ८०॥

सवैया।

खेलत कानन कुञ्जनमें लखि वाल शशाहुको चौंकिकै धावती।
जो अति वेगिहितैं भय भञ्जन रामको दौरिकै अङ्क लगावती॥
हाय हरीगई रावनतैं सोइ रोवति नैननि आंसू बहावती।
घेरी हुई निसिचारिनतैं विवशाह्नि सियाजू महादुख पावती॥ ८१॥

रोला।

सुरन सासुहि सदा बाहु बल गर्व दिखायो।
जवै मदन धनु तानि शंभुपै बान चलायो॥
सुरनारी शुभ नयन माल पूजित तिहिंको तन।
भयो भसम शिव भाल वह्नितैं अहो! तिहीं छन॥ ८२॥

दोहा।

तरु शाखा आसन मृदुल चीत्क्रति मधुर अवाज।
नख दन्तन काटव उचित स्वागत कपिन समाज॥ ८३॥

शार्दूलविक्रीडित।

किं तीर्थं ? हरिपादपद्मभजनं किं रत्न ? मच्छामतिः।
किं शास्त्रं ? श्रवणेन यस्य गलति द्वैतान्धकारोदयः॥
किं मित्रं सततोपकाररसिकं ? तत्वावबोधः सखे।
कः शत्रु र्वद खेददानकुशलो ? दुर्वासना सञ्चयः॥ ८४

अनुष्टुप।

निष्णातो ऽपि च वेदान्ते साधुत्वं नैति दुर्जनः।
चिरं जलनिधौ मग्नो मैनाक इव मार्दवम्॥ ८५

नैर्गुण्य मेव साधीयो धिग स्तु गुणगौरवम्।
शाखिनो ऽन्ये विराजन्ते खण्ड्यन्ते चन्दनद्रुमाः॥ ८६

परोपसर्पणानन्त चिन्तानलशिखाशतैः।
अचुम्बितान्तःकरणाः साधु जीवन्ति पादपाः॥ ८७

आर्या।

शून्ये पि च गुणवत्ता मातन्वानः स्वकीयगुणजालैः।
विवराणि मुद्रयन् द्रागूर्णायु रिव सुजनो जयति॥ ८८

अनुष्टुप्।

खलः सज्जनकार्पासरक्षणैकहुताशनः।
परदुःखाग्निशमने मारुतः कैन वर्ण्यताम्॥ ८९

आर्या।

परगुह्यगुप्तिनिपुणं गुणमय मखिलैः समीहितं नितराम्।
ललिताम्बर मिव सज्जन माखव इव दूषयन्ति खलाः॥ ९०

अनुष्टुप्।

कारुण्यकुसुमाकाशः शान्तिशैत्यहुताशनः।
यशःसौरभ्य लशुनः खलः सज्जनदुःखदः॥ ९१

कवित्त।

तीरथ है कौन ? हरि चरण सरोज सेवा रत्न कौन ? आपनी जो बुद्धि अवदात है। शास्त्र कौन ? जाहिके सुनत मांहि ताही छन चित्तको दुविध अन्धकार मिटि जात है॥ मित्र कौन रैन दिन हितको करनवारो ? सुखप्रद जौन ब्रह्मज्ञान प्रगटात है। अति दुखदाई शत्रु कौन है ? जगतकेर सकल कुवासना जो मनमें दिखात है॥ ८४॥

दोहा

दुर्जन पढ़ि वेदान्तहू साधु न होत मनाक।
जिमि नित रहत समुद्रमें मृदु न बनत मैनाक॥ ८५॥

धिक गुणगौरव जगतमें निगुण सुखी दरसात।
वनमें तरु राजत सबै चन्दन काट्यो जात॥ ८६॥

पराधीनचिन्ता अनल ज्वाला शलतें नाहि।
जर्‍यो हृदय अस विटप गण जीवत हैं सुखमाहि॥ ८७॥

सूमहुमें जो आपनो फैलावत गुन जाल।
बुधजन मूँदत छिद्रको मकरीसम ततकाल॥ ८८॥

जे खल सुजन कपासके रच्छक अनल समान।
परदुख पावक पवनजो तिहिको सकत बखान॥ ८९॥

परदूषन गोपन चतुर गुणी जु प्रिय सबकेर।
सु-वसन सम सुजनहि छिदत खल मूषक सम हेर॥ ९०॥

दया-कुसुमको नभ, अनल शांति-शीतके हेत।
यश-सुगन्धको लसुन-खल सज्जनको दुखदेत॥ ९१॥

वसन्ततिलक ।

धत्ते भरं कुसुमपत्त्रफलावलीनाम्
मर्मव्यथां स्पृशति शीतभवां रुजञ्च ।
यो देह मर्पयति चान्यसुखस्य हेतो
स्तस्मै वदान्यगुरवे तरवे नमो ऽस्तु ॥ ८२

हालाहलं खलु पिपासति कौतुकेन
कालानलं परिचुचुम्बिषति प्रकामम् ।
व्यालाधिप ञ्च यतते परिरब्धु मद्धा
यो दुर्जनं वशयितुं कुरुते मनीषाम् ॥ ८३

प्रहर्षिणी ।

शोभानि प्रतिपरिहाय शुष्कशस्या न्यौदार्यं प्रकटयतो महीधरेषु ।
औन्नत्यं परम मवाप्य दुर्मदस्य ज्ञातो ऽयं जलधर! ते यथा विवेकः॥८४

आर्या ।

गिरयो गुरव स्तेभ्यो ऽप्युर्वी गुर्वी ततो ऽपि जगदण्डम् ।
तस्मा दप्यतिगुरवः प्रचले ऽप्यचला महात्मानः ॥ ८५

व्योम्नि स वासं कुरुते चित्रं निर्माति सुन्दरं पवने ।
रचयति रेखाः सलिले चरति खले यस्तु सत्कारम् ॥ ८६

अनुष्टुप् ।

हारं वक्षसि केनापि दत्त मज्ञेन मर्कटः ।
लेढि जिघ्रति संक्षिप्य करो त्युन्नत माननम् ॥ ८७

गीति ।

मलिने पि रागपूर्णां विकसितवदना मनल्पजल्पे पि ।
त्वयि चपले पि च सरसां भ्रमर! कथं वा सरोजिनीं त्यजसि ॥८८

रोला।

कुसुम पत्र फल पुञ्ज भारको जो नित धारत।
अति दुख दाई शीत जनित बहु रोगहु धारत॥
अपर मनुज सुखहेत आपनो देहहु त्यागत।
अस दानीगुरु विटप ताहि प्रणमत हम रागत॥ ८२॥

सो, कौतुकतें मनुज हलाहल पीवन चाहत।
कालानलको अभय दौरि पुनि चुम्बन चाहत॥
सर्पराजको पकरि अङ्कभरि लैबो चाहत।
जो दुर्जनको करि उपाय वशकरिबो चाहत॥ ८३॥

जो तुम करिके त्याग शुष्क तृण लता दीनकहं।
निज उदारता प्रगट करत ऊंचे गिरिगन महं॥
अति उन्नतिको पाय भयो दुर्मदको ढेरो।
जान्यो जैसो है विवेक यह जलधर! तेरो॥ ८४॥

दोहा।

गिरि गुरु, तातें गुरु मही, तातें गुरुब्रह्मण्ड।
तातें अति गुरु महत जन रहत सदा जु अखण्ड॥ ८५॥

वास करत नभमें, रचत चित्र पवन मझधार।
रेख लिखत जलमांह जे किय खलको सतकार॥ ८६॥

डार्यो बानरके गरे कोउ मूरख हार।
सो चाटत सूंघत तजत सिर उठाय बहुबार॥ ८७॥

रोला।

अहो जदपि तुम मलिन तदपि वह रँग परिपूरित।
बहु भाषत तुम तदपि रखति सुख वह सुविकासित॥
अहो चपल तुम जदपि तदपि वह सरस रहति नित।
कहो मधुप! किमि तजत कमलिनीसो अपनो हित?॥ ८८॥

वसन्ततिलक।

स्वार्थं धनानि धनिकात् प्रतिगृह्णतो यत्
आस्यं भजेन्मलिनतां किमिदं विचित्रम्।
गृह्णन् परार्थमपि वारिनिधेः पयोऽपि
मेघोऽयमेति सकलोऽपि च कालिमानम्॥ ९९॥

आर्या।

जनकः सानुविशेषो जातिः काष्ठं भुजङ्गमैः सङ्गः।
स्वगुणैरेव पटीरज! यातोऽसि तथापि महिमानम्॥ १००॥

शार्दूलविक्रीडित।

कस्मै हन्त फलाय सज्जन! गुणग्रामार्जने सज्जसि।
स्वात्मोपस्करणाय चेन्मम वचः पथ्यं समाकर्णय॥
ये भावा हृदयं हरन्ति नितरां शोभाभरैः सम्भृताः।
तैरेवास्य कलेः कलेवरपुषो दैनन्दिनं वर्धनम्॥ १०१॥

वसन्ततिलक।

धूमायिता दशदिशो दलितारविन्दा
देहं दहन्ति दहना इव गन्धवाहाः।
त्वामन्तरेण मृदुताम्रदलाम्रमञ्जु-
गुञ्जन्मधुव्रत! मधो! किल कोकिलस्य॥ १०२॥

भिन्ना महागिरिशिलाः करजाग्रजाग्र-
दुद्दामशौर्यनिकरैः करटिभ्रमेण।
दैवे पराचि करिणामरिणा तथापि
कुत्रापि नापि खलु हा पिशितस्य लेशः॥ १०३॥

गीति।

गर्जितमाकर्ण्य मना गङ्के मातुर्निशार्द्धजातोऽपि।
हरिशिशुरुत्पतितुंद्रागङ्गान्याकुञ्चत्र लीयते निभृतम्॥१०४॥

रोला।

स्वारथलगि धन धनिक जननतें लेत कोऊ जब।
यहै आचरज काह वदन जो होय मलिन तव॥
पर कारज लगि मेघ उदधितें लेत वारि कन।
तऊ स्याम ह्वै जात तासुको सकल सुभग तन॥ ९९॥

दोहा।

जाति काठ पर्वत पिता रहत भुजङ्गम सङ्ग।
चन्दन तउ निज गुणहितें पायो मान अभङ्ग॥ १००॥

रोला।

सज्जन! किहिं फलहेत करत सञ्चय गुन गनको।
यदि उन्नति लगि, तबै सुनहु मम हित वातनको॥
हृदय हरत जे भाव सकल शोभा परिपूरन।
तातें बाढ्यो कलह ताहि कलि छोडु दूहीं छन॥ १०१॥

छायो दस दिसि अन्धकार, पुनि खिले सरनमहं।
नीरज दाहत देह, अनल सो विविध गन्धवह॥
जहं रसालके मृदुल अरुन दलपै अलि गुञ्जत।
ऐसे दिन ऋतुराज आज कोकिल दुख भुञ्जत॥ १०२॥

कठिन नखनके उग्र अग्र भागनतें वलभरि।
फाख्यो वर गिरि शिलाखण्ड कहं गजको भ्रमकरि॥
हाय! दैवके विमुख भयेतें यों चहुं देसहु।
पायो गजरिपु सिंह नाहिं आमिषको लेसहु॥ १०३॥

दोहा।

नेकहु गजको गरज सुनि हरिसुत जननी गोद।
शिशिटि अङ्ग निज वेगिहीं उछल्यो चहत समोद॥१०४॥

प्रमिताक्षरा

कि मह्यं वदामि खलु दिव्यतमं गुणपक्षपात मभितो भवत: ।
गुणशालिनो निखिलसाधुजनान् य दहर्निशं न खलु विस्मरसि ॥१०५॥

आर्या ।

रेखल ! तव खलु चरितं विदुषां मध्ये विविच्य वक्ष्यामि ।
अथवा ऽलं पापात्मन् ! कृतया कथया पि ते हतया ॥ १०६ ॥

अनुष्टुप् ।

आनन्दमृगदावाग्नि: शीलशाखिमदद्विप: ।
ज्ञानदीपमहावायु रयं खलसमागम: ॥ १०७ ॥

खला स्तु कुशला: साधुहितप्रत्यूहकर्मणि ।
निपुणा: फणिन: प्राणा नपहर्तुं निरागसाम् ॥ १०८ ॥

औपच्छंदसिक ।

वदने विनिवेशिता भुजङ्गी पिशुनानां रसनामिषेण धात्रा ।
अनया कथ मन्यथा वलीढा नहि जीवन्ति जना मना गमन्त्रा: ॥१०९॥
कृतं महोन्नतं कृत्य मर्जितं चामलं यश: ।
वायज्जीवं सखे ! तुभ्यं दास्यामो विपुलाशिष: ॥ ११० ॥

द्रुतविलंबित ।

अविरतं परकार्यकृतां सतां मधुरिमातिशयेन वचो ऽमृतम् ।
अपिच मानस मम्बुनिधि र्यशो विमलशारदपार्वणचन्द्रिका ॥ १११ ॥

अनुष्टुप् ।

निर्गुण: शोभते नैव विपुलाडम्बरो ऽपि ना ।
आपातरम्यपुष्पश्री शोभिता शाल्मलि र्यथा ॥ ११२ ॥

पङ्के विना सरो भाति सद: खलजनै र्विना ।
कटुवर्णै र्विना काव्यं मानसं विषयै र्विना ॥ ११३ ॥

दोहा।

काह कहूं खल ! यह अकथ गुन याहूका तोर।
गुन शोभित सब सुजनको न बिसारसि निसि भोर ॥१०५॥

रे खल ! तेरे चरितको बुधमधि कहुन बिचार।
अथवा पापिनकी कथा कहिय न एको बार॥ १०६ ॥

आनंद मृगको बनअगिनि शोक विटप गजराज।
ज्ञान दीपको पवन सम है यह दुष्ट समाज ॥ १०७ ॥

साधुनके हित हतनमें खल जन कुशल महान।
चतुर फणी गण हरनमें निरपराधके प्रान ॥ १०८ ॥

विधि रसना मिस सर्पिणी राखी खल मुख माहिं।
मन्त्रहुते याको डस्यो कोउ जन जीवत नाहिं ॥ १०९ ॥

कारज अति उत्तम कियो लियो सुजस अवदात (१)।
जीवन भरि तोहि देइहों बहु असीस हेभ्रात ! ॥ ११० ॥

रोला।

निस दिन पर जनकेर काज जो करत साधु जन।
अमिय सरिस अति मधुर ताहिको रहत सुबोलन ॥
अहै तासु गम्भीर सदा जलनिधि सम मानस।
अहै सरदके विमल पूर्ण विधु सरिस तासु जस ॥ १११ ॥

दोहा।

करत वेष बहु विधि तऊ मूरख सोभत नांहि।
गन्ध हीन जिमि सुमन युत सेमर लगत सदाहि ॥ ११२ ॥

सर सोहत बिन पङ्क पुनि सभा दुष्ट जन हीन।
कटु अक्षर बिन काव्य अरु मानस विषय विहीन ॥ ११३ ॥

---

(१) स्वच्छ।

अनुष्टुप्।

तत्त्वं किमपि काव्यानां जानाति विरलो भुवि।
मार्मिकः को मरन्दाना मन्तरेण मधुव्रतम्॥ ११४॥

सरजस्कां पाण्डुवर्णां कण्टकप्रकरान्विताम्।
केतकीं सेवसे हन्त कथं रोलम्ब! निस्त्रप!॥ ११५॥

यथा तानं विना रागो यथा मानं विना नृपः।
यथा दानं विना हस्ती तथा ज्ञानं विना यतिः॥ ११६॥

सन्तः स्वतः प्रकाशन्ते गुणा न परतो नृणाम्।
आमोदो नहि कस्तूर्याः शपथेन विभाव्यते॥ ११७॥

मालिनी।

अपि बत गुरु गर्वं मा स्म कस्तूरि! यासी
रखिलपरिमलानां मौलिना सौरभेण।
गिरिगहनगुहायां लीन मत्यन्तदीनं
स्वजनक मसुनैव प्राणहीनं करोषि॥ ११८॥

वसन्ततिलका।

दूरीकरोति कुमतिं विमलीकरोति।
चेत श्चिरन्तन मघ चुलुकी करोति॥
भूतेषु किञ्च करुणां बहुलीकरोति।
सङ्गः सतां किमु न मङ्गल मातनोति॥ ११९॥

गीति।

अनवरतपरोपकारव्यग्रीभवदमलचेतसां महताम्।
आपातकाटवानि स्फुरन्ति वचनानि भेषजानीव॥ १२०॥

दोहा ।

सत काव्यनके तत्वको कोउ जानत जग माहिं ।
बिन अलि मरम परागको कोऊ जानत नाहिं ॥ ११४ ॥

पांडु वरन पुनि रज सहित कण्टक भरो सरीर ।
रेनिलज्ज ! अलि ! कस रहत तासु केतको तीर ॥ ११५ ॥

बिना तानके राग जस जैसे नृप बिन मान ।
जैसे गज मदधार बिन तस जोगी बिन ज्ञान ॥ ११६ ॥

नहि जनात परके कहे गुन आपुहि सरसात ।
कस्तूरीको गन्ध नहि किये सौंह प्रगटात ॥ ११७ ॥

रोला ।

जगत निखिल सुभ गन्ध मुकुटभूषण सौरभतें ।
अरे ! अरे ! कस्तूरि ! करसि जनि महत गरवतें ॥
जे मृग गिरि बन गुहा मांहि छिपि रहत दीन अति ।
तिहि जनकहु इहिं हेत करति बिन प्राण मन्दमति ॥११८॥

करत कुमतिको दूर चित्तको विमल करत है ।
कत बहु पूरब पाप पुञ्जको पान करत है ॥
पुनि सब जीवनमाह दयाको दोह (१) करत है ।
सज्जन जनको सङ्ग काह मङ्गल न करत है ॥ ११९ ॥

दोहा ।

निस दिन पर उपकाररत रहत विमल मन जासु ।
ऊपरहीतें कटु बचन है भेषज सम तासु ॥ १२० ॥

---

(१) बड़ा ।

प्रहर्षिणी।

व्यागुञ्जन्मधुकरपुञ्जमञ्जुगीता
न्याकर्ण्य श्रुतिमदजा लयातिरेकात्।
आभूमीतलनतकन्धराणिमन्ये
ऽरण्ये ऽस्मिन्नवनिरुहां कुटुम्बकानि॥ १२१॥

उपजाति।

मृतस्य लिप्सा कृपणस्य दित्सा विमार्गगाया च रुचिः स्वकान्ते।
सर्पस्य शांतिः कुटिलस्य मैत्री विधातृसृष्टौ नहि दृष्टपूर्वा॥ १२२॥

अनुष्टुप्।

उत्तमाना अपि स्त्रीणां विश्वासो नैव विद्यते।
राजप्रियाः कैरविण्यो रमन्ते मधुपैः सह॥ १२३॥

अयाचितः सुखं दत्ते याचितश्च न यच्छति।
सर्वस्वं चापि हरते विधिरुच्छृङ्खलो नृणाम्॥ १२४॥

शार्दूलविक्रीडित।

दोर्दण्डद्वयकुण्डलीकृतलसत्कोदण्डचण्डाशुग
ध्वस्तोद्दण्डविपक्षमण्डल मथ त्वां वीक्ष्य मध्ये रणम्।
वल्गद्गाण्डिवमुक्तकाण्डवलयज्वालावलीतांडव
भ्रश्यत्खांडवरुष्टपांडव महो को न क्षितीशः स्मरेत्॥१२५॥

अनुष्टुप्।

खंडितानेत्रकञ्जालिमञ्जुरञ्जनपंडिताः।
मंडिताखिलदिक्प्रान्ता श्चंडांशोः पान्तु भानवः॥ १२६॥

इति प्रास्ताविकः प्रथमविलासः समाप्तः।

रोला।

गुञ्जत मधुकर पुञ्ज तासु मृदु गान श्रवणकरि।
उपज्यो सुनि हिय हर्ष ताहितें गयो हीय भरि॥
तिहीं हेत सब झुक्यो भूमिलौं है शाखा नत।
राजत अस तरु यूथ याहि वनमधि हम जानत॥ १२१॥

दोहा।

कृपण दान इच्छा मृतक कुलटा रुचि पतिमाहिं।
कुटिल प्रेम सुख सर्पको जगमहं देख्यो नाहिं॥ १२२॥

उत्तमहू नारीनको अहै नहीं विस्वास।
द्विजपति(१)प्रिय कुमुदिनि तऊ करत मधुप संग वास॥१२३॥

बिन मांगे सुख देत है मांगे ते नहिं देत।
दैव होत प्रतिकूल जब सरवसही हरि लेत॥ १२४॥

कवित्त।

बाहुदंड युगल उठाय खैंच्यो गाढ़े जब धनुदंड कुँडल समान दरसात है। तापे परचंड बाण झुंडन चलायो तब रिपु वरिवंड खंड खंडित है जात है॥ युद्ध मध्य ऐसो तोहि पेखि, धनु गांडिवके बान ज्वाल जाख्यो जो सुखांडव लखात है। ता बनमें कुत्र पंडुपुत्र को न यादकरै ऐसो को छतीस भूमि मंडल दिखात है॥ १२५॥

दोहा।

विकसित लोचन कमल बन मृदु रञ्जन परवीन।
याहि मोहि रवि किरनसों मंडित चहुँ दिस कौन॥१२६॥

इति प्रास्ताविक प्रथमविलास समाप्त।

---

(१) चन्द्र या ब्राह्मण।

अथ द्वितीयविलास ।

औपच्छसिकं ।

न मना गपि राहुरोधशङ्का न कलङ्कानुगमो न पाण्डुभावः ।
उपचीयत एव कापि शोभा परितो भामिनि ! ते मुखस्य नित्यम् ॥१॥

औपच्छसिकं ।

नितरां परुषा सरोजमाला न मृणालानि विचारपेशलानि ।
यदि कोमलता तवाङ्गकाना मथ का नाम कथापि पल्लवानाम् ॥२॥

बसन्त तिलक ।

खेदाम्बुसान्द्रकणशालिकपोलपाली
दोलायितश्रवणकुंडलवन्दनीया ।
आनन्द मंकुरयति स्मरणेन कापि
रम्या दशा मनसि मे मदिरेक्षणायाः ॥ ३ ॥

कस्तूरिकातिलक मालि ! विधाय सायं
स्मेरानना सपदि शीलय सौधमौलिम् ।
प्रौढिं भजन्तु कुमदानि मुदा मुदारा
मुल्लासयन्तु परितो हरितो मुखानि ॥ ४ ॥

त च्यक्षु मन्दहसितं श्वसितानि तानि
सा वै कलंकरहिता मधुरा ननश्रीः ।
अद्यापि मे हृदय मुन्मदयन्ति हन्त
सायन्तनाम्बुजसहोदरलोचनायाः ॥ ५ ॥

द्वितीयविलास।

दोहा।

राहु ग्रास भय नैक नहि नहि कलङ्क नहि सेत।
प्यारी! तो मुख चहुँ दिसा अद्भुत सोभा देत॥ १॥

अति करकस है कमल पुनि कमल नाल मृदु नाहिं।
बात कहा पल्लवहुको तुव तन मृदुता माहिं॥ २॥

सवैया।

सेद सुनीरनके घन विन्दुतैं शोभित शुभ्र कपोल है जाको।
झूमत चञ्चल कुँडल तापर बाढ़ि रह्यो तिहितैं छविताको॥
होमै अनन्द बढावत है सुमिरे अनङ्ग दुति ताहि दसाको।
सो सुखमा नहि जात कही मदमत्त सुखञ्जन नैनी प्रियाको॥३॥

सांझ समै सखिरी मृगनाभिके सुन्दर विन्दुतैं भाल संवारी।
त्यों मुसुकाती हुई अबही चढ़िके कछु सोभित ऊंची अटारी॥
तो मुखचन्द विलोकि तबै खिलि जावै सुकैरव(१)की सब क्यारी।
"विप्रसुचन्दजू" पूनम रैनसी होवै चहूंदिसिमैं उजियारी॥ ४॥

मञ्जुल मन्दहि मन्द सुहास उसासनको पुनि लेइबो ताको।
सो अति स्वच्छ कलङ्क बिहीन मनोहर आननको छविवाको॥
आजहु हाय हमारे हियेकहु मत्त करै सुमिरे वहु झांको।
सांझके पङ्कजसे कछु कुञ्चित सुन्दर लोचनवारी प्रियाको॥५॥

(१) कमल।

बसन्ततिलक।

प्रातस्तरां प्रणमने विहिते गुरूणा
माकर्ण्यवाच ममलां भव पुत्रिणीति।
नेदीयसि प्रियतमे परमप्रमोद
पूर्णादरं दयितया दधिरे दृगन्ताः॥ ६॥

पुष्पिताग्रा।

गुरुजनभयमद्विलोकनान्तः समुदयदाकुलभावमुद्वहन्त्याः।
दरदलदरविन्दसुन्दरे हा हरिणदृशो नयने न विस्मरामि॥ ७॥

वदरामलकाम्रदाडिमाना मपहृत्य श्रिय मुन्नतौ क्रमेण।
अधुना हरणे कुचौ यतेते दयिते ते करिशावकुम्भलक्ष्म्याः॥८॥

उपजाति।

कपोलपालीं तव तन्वि! मन्ये लावण्यधन्ये! दिश मुत्तराख्यां।
आभाति यस्यां ललितालकायां मनोहरा वैश्रवणस्य लक्ष्मीः॥९॥

बसन्त तिलक।

नीवीं नियम्य शिथिला मुषसि प्रकाश
मालोक्य वारिजदृशः शयनं जिहासोः।
नैवा वरोहति कदापि च मानसा न्मे
नाभेः प्रभा सरसिजोदरसोदरायाः॥ १०॥

उपेन्द्रवज्रा।

मुधैव नक्तं परिकल्प्य गन्तुं मृषैव रोषा दुपजल्पतो मे।
उदश्रुवंचन्नयना नताङ्गी गिरं न कां का मुररीचकार॥ ११॥

पुष्पिताग्रा।

तदवधि कुशली पुराणशास्त्रस्मृतिशतचारुविचारजो विवेकः।
यदवधि न पदं दधाति चित्ते हरिण किशोरदृशोदृशो विलासः॥१२॥

सवैया।

भोर समै गुरु लोगकि सासुहि जाय प्रिया जब बन्दना कीनी।
वे सब, "पुत्रवती तुम होहु सदा" यह सुन्दर आसिषा दीनी॥
सो सुनि पूरन आदरतैं हरषाय हिये भरि आनंद लीनी।
ठाढ़ेहुते ढिग प्रीतमको सुकटाच्छनतैं लख्यो प्रेममैं भीनी॥ ६॥

रोला।

मोहि देखतही प्रेमभाव प्रगव्यो उर ताको।
गुरुजनको भयमानि तऊ गोप्यो हियवाको॥
कछु कछु विकसित कमल सरिस सुन्दर जे तूलत।
मृगनैनीके नयन हाय इकपल नहिं भूलत॥ ७॥

सवैया।

बदरी फलकी छवि चोरि लियो प्रथमैं पुनि आमलकी छवि लीनी।
फल आमऽरुदाडिम सुन्दरजे क्रमसो बढ़िकैदुति ताहुको छीनी॥
नितही बढतै बढ़तै तुमरै कुच ये सुप्रिये! मम प्रेममैं भीनी।
करि शावककी युगकुम्भहुको अब चोरिबो चाहत सोभ नवीनी॥ ८॥

दोहा।

तुव कपोल सुन्दरि! प्रिये! उत्तर दिशा समान।
जामहं श्री वै श्रवणको लसत अलक मधि आन॥ ९॥

सवैया।

नीवी भईहुती ढीली कछू रति केलि कला मधि जो निशिमांही।
प्रात समैको प्रकास निहारि उठ्यो चह सेजतै बांधिकै ताही॥
पंकजके हियके सम गौर विराजत जाहिको देह सदाही।
ताहिके नाभिकी वा छवि नेकहु मो मनतें उतरै कबू नांही॥१०॥

रोला।

झूठहि रचिकै रोष कपटकरि हम निसिमांही।
कह्यो प्रिये! परदेस अबै हम तुरतहि जाहीं॥
सुनि उमड्यो जलधार चपल नैननतैं ता छन।
काह;काह नहि कह्यो दीन है प्यारी बातन॥ ११॥

स्मृति पुराण अरु शास्त्र सकलते उपज्यो उत्तम।
रहत तबैलौं हृदयमांझ सबको विवेक सम॥
जबलौं नहि हियबीच मनुजके आवत अनुछिन।
मृगशिशुनैनी प्रिया नयनको मृदु विलास गन॥ १२॥

रथोद्धता।

आगतः पति रितीरितं जनैः शृखती चकित मेत्य देहलीम्।
कौमुदीव शिशिरीकरिष्यति लोचने मम कदा मृगेक्षणा ॥ १३ ॥

औपच्छंदसिक।

अवधौ दिवसावसानकाले भवनद्वारि विलोचने दधाना।
अवलोक्य समागतं तदा मा मथ रामा विकसन्मुखी बभूव ॥ १४ ॥

शालिनी।

वक्षोजाग्रं पाणिना मृष्य दूरं यातस्य द्रा गानमाजं प्रियस्य।
शोणाग्राभ्यां भामिनी लोचनाभ्यां जोषं जोषं जोष मेवा वतस्थे ॥१५॥

औपच्छंदसिक।

गुरुभिः परिवेष्टितापि गंडस्थलकंडूयनचारुकैतवेन।
दरदर्शितहेमबाहुनाला मयि बाला नयनाञ्चलं चकार। १६ ॥

गुरुमध्यगता मया नताङ्गी निहता नीरजकोरकेण मन्दम्।
दरकुण्डलताण्डवंनतभ्रूलतिकं मा मवलोक्याघूर्णितासीत् ॥१७॥

विनये नयनारुणप्रसारः प्रणती हन्त निरन्तराश्रुधाराः।
अपि जीवितसंशयः प्रयाणे नहि जाने हरिणाक्षि केन तुष्येः ॥१८

रोला ।

"आयो तुव पति अबै" बचन अस कह्यो सबै जन ।
सुनतै बेगहि आय देहली मांह चकित मन ॥
सो मृगनैनी प्रिया कबै नखतेस (१) कलासम ।
करिहै अतिही शीतल प्यासे युगल नयन मम ॥ १३ ॥

मम आवनकी अवधि जानिकै सांझ समैमंह ।
भवन द्वारमैं आय चाहि निरखन लागी तंह ॥
पुनि आयो मोहि देखि तबै मम प्राणपियारी ।
हरखि कियो मम मुदित बिकासित मुख उजियारी ॥१४॥

दोहा ।

उरज परसि करतै सुप्रिय चल्यो जबै कछु दूर ।
अरुन नयनतैं निरखि तिय भई मौन भरपूर ॥ १५ ॥

रोला ।

बैठी गुरु जनमाहि तऊ करि व्याज तिहो छन ।
मृदु कपोल युग बिमल लगी करतैं कछु परसन ॥
पुनि दिखायकै मोहि नेक सुवरन भुजनाला ।
देख्यो मोकंह वंक नयनतैं सुन्दरि बाला ॥ १६ ॥

बैठी गुरु जनमध्य नई कछु यौवन भारन ।
हौं तिहिं कमल कलीन लग्यो जब धीरे मारन ॥
मन्द मन्द तब प्रिया करन कुण्डल नचायकै ।
कियो मोहि लखि नेक रोस भौंहैं घुमायकै ॥ १७ ॥

भरति लालिमा नयनमांझ कछु विनय करनपै ।
अविरल आंसू धार बहावति गिरे चरनपै ॥
चलन चहौं जब तबै चहति निज प्रान निकारन ।
न हि जानौ तुव प्रिये ! तोष ह्वै है केहि कारन ॥ १८ ॥

---

(१) चन्द्र ।

हरिणी।

अकरुण ! मृषा वाचं ब्रूषे विमुञ्च ममाञ्चलं।
तव परिचितः स्नेहः सम्यङ् मयी त्यभिधायिनीम् ॥
अविरलगलद्वाष्पां तन्वीं निरस्त-विभूषणां।
क इव भवतीं भद्रे ! निद्रे ! विना विनिवेदयेत् ॥ १९ ॥

उपजाति।

तीरे तरुण्या वदनं सहासं नीरे सरोज ञ्च मिलद्विकासम्।
आलाक्य धाव त्युभयत्र मुग्धा मरन्दलुब्धालिकिशोरमाला ॥२०॥

रथोद्धता।

वीक्ष्य वक्षसि विपक्षकामिनी हारलक्ष्म दयितस्य भामिनी।
अंशदेशविनिवेशितां क्षणा दचकर्ष निजवाहुवल्लरीम् ॥ २१ ॥

उपेन्द्रवज्रा।

दरानमत्कन्धरवन्ध मीष न्निमीलितस्निग्धविलोचनाब्जम्।
अनल्पनिश्वासभरालसाङ्गं स्मरामि सङ्गं चिर मङ्गनायाः ॥ २२ ॥

शालिनी

रोषावेशा न्निर्गतं यामयुग्मा देत्यद्वारं काञ्चिदाख्यां रणन्तं।
मा माञ्जालैवा ययौ कातराक्षी मन्दं मन्दं मन्दिरा दिन्दिरेव ॥२३॥

औपच्छसिकं।

हृदये क्षतशैवलानुसक्ता मुहु रङ्गानि यत स्ततः क्षिपन्ती।
प्रियनामपरे मुखे सखीना मतिदीना मिय मादधाति दृष्टिम् ॥२४॥

इत एव् निजालयं गतायाः वनितायाया गुरुभिः समाहूतायाः।
परिवर्तितकन्धरं नतभ्रु स्मयमानं वदनाम्बुजं स्मरामि ॥ २५ ॥

रोला।

